<u>प्रकाशनार्थ</u>

आनन्द कॉलेज में आई0आई0टी0 मुम्बई द्वारा कार्यशाला का आयोजन

आगरा। शारदा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के आगरा स्थित आनन्द इंजीनियरिंग कालेज टैक्नीकल कैम्पस में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त एवं आई0आई0टी0 मुम्बई के सहयोग से *''सूचना एवं संचार प्रौधोगिकी–शिक्षा का आधार''* विषय पर दो सप्ताह के फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम का समापन दो दिवसीय विडियों कॉन्फ्रेंन्सिग कार्यशाला के साथ सम्पन्न हुआ।

इस कार्यशाला में आनन्द इंजीनियरिंग कालेज के 9 संकाय सदस्यों ने भाग लिया। कार्यशाला में आई0आई0टी0 मुम्बई द्वारा चलाये जा रहे फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम में कालेज के शिक्षकों द्वारा पंजीकरण के उपरान्त आई0आई0टी0 द्वारा दिये गये ऑनलाइन असाइनमेंट्स को पूरा किया गया। इन असानमेंट्स के माध्यम से शिक्षकों को कोर्स के बारें में जानकारी दी गई, जिसको शिक्षक अपने पाठ्यक्रम को तकनीकी का उपयोग करते हुये शिक्षण सामग्री तैयार कर सकें, जो इंजीनियरिंग की कक्षाओं में छात्रों के मध्य विषयों को सीखनें में आने वाली समस्याओं को सुलझाने में मदद करेगी।

कार्यशाला में भाग ले रहे संकाय सदस्यों ने शिक्षा तकनीकी को और अधिक बेहतर एवं विकसित करने के लिए अपने–अपने विचार साझा किये एवं भविष्य में शिक्षा को अधिक प्रभावी बनाने के लिए सूचना एवं संचार प्रौधोगिकी का अधिक से अधिक उपयोग करने पर बल दिया।

इस कार्यशाला का आयोजन कम्प्यूटर सांइस विभाग के श्री कमलेश देशमुख व डा0 जयेश शर्मा के संयोजन में आई0आई0टी मुम्बई के सहयोग से किया गया।

कालेज के निदेशक डा0 शैलेन्द्र सिंह ने कार्यशाला का आयोजन करने पर कम्प्यूटर सांइस विभाग को बधाई देते हुये कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाओं से संकाय सदस्यों में आपसी सहयोग की भावना बढ़ती है एवं प्रयोगात्मक ज्ञान का विकास होता है।

कार्यशाला में डा0 विनय सिंह, डा0 रविन्द्र कुमार जैन, डा0 विनय जादौन, श्री शरीफ इकबाल, श्री राहुल शर्मा, श्री अचल तौमर, सुश्री सुकृति तिवारी, श्री राजकुमार थेनुआ एवं श्री प्रमित सामंत उपस्थित रहे।

शारदा ग्रुप के वाईस चैयरमेन श्री वाई0के0 गुप्ता जी एवं मुख्य अधिशासी उपाध्यक्ष श्री प्रदीप महता ने कार्यशाला आयोजित करने के लिए बधाई दी।